प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 19.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- झारखंड अधिविद्य परिषद–जैक बोर्ड ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा का जारी किया रिजल्ट, नब्बे प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की, लड़कियों ने किया बेहतर प्रदर्शन।

2- झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गढ़वा के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के हेसातू गांव में चुनावी तैयारियों का लिया जायजा, लोगों को वोट देने के लिए किया प्रेरित।

3- चतरा संसदीय क्षेत्र के इंडिगठबंधन प्रत्याशी के एन त्रिपाठी ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ किया चुनावी मंथन, भाजपा के कालीचरण सिंह वोटरों को केंद्र की बता रहे उपलब्धियां।

4- झामुमो ने कहा– रांची में 21 अप्रैल की उलगुलान महारैली होगी ऐतिहासिक तो भाजपा ने इंडी गठबंधन की रैली को बताया गेट–टू–गेदर फैमिली शो।

5- रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में कल से हॉकी रांची लीग की हो रही शुरूआत, पुरूषों की बारह और महिलाओं की छह टीमें ले रही हिस्सा।

...................................................................

परीक्षा रिजल्ट

झारखंड अधिविद्य परिषद–जैक बोर्ड ने आज मैट्रिक का रिजल्ट जारी कर दिया। इस बार नब्बे दशमलव तीन–नौ प्रतिशत परिणाम रहा। कुल तीन लाख 38 हजार 398 विद्यार्थी परीक्षा में पास हुए हैं। परीक्षा में कुल 4 लाख 21 हजार 678 विद्यार्थी शामिल हुए थे। रिजल्ट में लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। जैक बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने बताया कि इस बार 54 दशमलव 20 प्रतिशत विद्यार्थी फर्स्ट डिविजन से पास हुए हैं जबकि 40 दशमलव 63 प्रतिशत सेकेंड डिविजन और 5 दशमलव 17 प्रतिशत विद्यार्थियों ने थर्ड डिविजन से परीक्षा पास की है। उन्होंने बताया कि अगले दस दिनों में बारहवीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया जायेगा। विद्यार्थी जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

...................................................................

नामांकन प्रपत्र

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए झारखंड की चार संसदीय सीटों पर नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अधिसूचना जारी होने के पहले दिन कल कई उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों में पलामू से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम, राजद की ममता भुईंया, सत्येंद्र कुमार और वृंदा राम ने पर्चा खरीदा। वहीं खूंटी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, निर्दलीय संजय कुमार तिर्की ने पर्चा खरीदा। अर्जुन मुंडा 23 अप्रैल को नामांकन करेंगे। लोहरदगा सीट पर कांग्रेस के सुखदेव भगत ने भी नामांकन पत्र खरीदा है। वहीं सिंहभूम सीट के लिए महागठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी समेत पांच प्रत्याश्सियों ने पर्चा खरीदा। हालांकि अबतक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा है।

.............................................................

<u>के. रवि कुमार</u>

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज बूढा पहाड़ क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। इस क्रम में वे गढ़वा जिले के बड़गड़ प्रखंड में पड़नेवाले बूढा पहाड़ के पास के गाँव हेसातु पहुंचे। उन्होंने बूढा पहाड़ क्षेत्र में तैनात सुरक्षा अधिकारियों से चुनाव की तैयारियों और वहां की सुरक्षा स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से भी बात की और मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके बाद श्री कुमार गढ़वा जिला मुख्यालय में अभी निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ चुनाव तैयारी की समीक्षा बैठक कर रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।

.............................................................

<u>केएन त्रिपाठी/कालीचरण</u>

चतरा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के. एन त्रिपाठी ने कल जिले के हंटरगंज प्रखंड में सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं को जिले के विकास और स्थानीय युवाओं के रोजगार को चुनावी मुद्दा बनाने पर जोर देने को कहा।

इधर बीजेपी के प्रत्याशी काली चरण सिंह भी पिछले कई दिनों से क्षेत्र में घूम—घूम कर केंद्र सरकार के द्वारा जिले के विकास के लिए किए गए कार्यों से लोगों को अवगत कराने का कार्य कर रहे हैं।

.............................................................

<u>चुनावी तैयारी—सिमडेगा</u>

खूंटी संसदीय क्षेत्र में चुनाव को लेकर सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में तैयारियां पूरी कर ली गई है। उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने बताया कि खूंटी संसदीय क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। 13 मई को वोटिंग होगी। उन्होंने जिले के लोगों मतदान करने की अपील की है। उपायुक्त ने बताया कि इस बार 80 प्रतिशत वोटिंग कराने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने कहा कि आदर्श आचर संहिता के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई होगी। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र सिमडेगा और कोलेबरा में पांच हजार से अधिक सुरक्षा कर्मी तैनात किये जायेंगे।

.............................................................

<u>स्पेशल स्टोरी—हजारीबाग</u>

हजारीबाग में रामनवमी के जुलुस को लेकर लोगों में उत्साह है। विशेष जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

.............................................................

<u>उलगुलान रैली/भाजपा प्रतिक्रिया</u>

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित होने वाली उलगुलान रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने दावा किया कि इस रैली को 28 दलों का समर्थन प्राप्त है। इसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव, सुनिता केजरीवाल, दीपंकर भट्टाचार्य समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इधर, प्रदेश भाजपा ने इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली को गेट–टू–गेदर फैमिली शो करार दिया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है।

..............................................................

संक्षिप्त खबरें

- अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने एक सौ तीस किलो गांजा की तस्करी के दोषी स्वेत कुमार को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।
- साहिबगंज में आज दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस को सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी है। ड्रोन के जरिए निगरानी भी की जा रही है। डीसी और एसपी हर गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।
- आइपीएल टूर्नामेंट में आज लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। मैच, शाम साढे सात बजे शुरू होगा।

..............................................................

लोक अदालत

झालसा के निर्देश पर गुमला व्यवहार न्यायालय परिसर में 27 अप्रैल को बिजली और चेक बाउंस से संबंधित केस के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुवचंद्र मिश्रा ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश दिया है। वहीं ज्यादा से ज्यादा चेक बाउंसिंग के मामलों का निष्पादन करने को कहा है।

..............................................................

हॉकी लीग

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में कल से हॉकी रांची लीग शुरू हो रहा है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस लीग में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें 12 पुरूषों की टीम होगी जबकि महिलाओं की छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग का पहला चरण 26 अप्रैल तक होगा। इसके बाद दूसरा चरण 10 मई के बाद शुरू होगा।

इस बीच झारखंड हॉकी की मेजबानी में 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग रांची में खेली जायेगी जो 10 मई तक चलेगी। इसमें झारखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बंगाल, मिजोरम, मणिपुर और ओड़िशा की टीम भाग लेगी।

**********समाप्त**********